सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,

सिद्धार्थनगर—272202 उ0प्र0(भारत)

Website :www.suksn.edu.in,Email Id: registrar@suksn.edu.in

पत्रांक—4901/सि0वि0वि0/प0सा0/2025 दिनांक 02—01—2025

सेवा में,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या
सहायता प्राप्त अशासकीय, राजकीय, स्ववित्तपोषित महाविद्यालय,
जनपद—सिद्धार्थनगर, महराजगंज, सन्तकबीरनगर, बस्ती, श्रावस्ती व बलरामपुर।

महोदय,

सिद्धार्थ विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति—2020 के अन्तर्गत संचालित **स्नातक/परास्नातक स्तर विषम सेमेस्टर (बी0ए0एल0एल0बी0/एल0एल0बी0 को छोड़कर) की प्रायोगिक/मौखिकी परीक्षा 2024—25 माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार दिनांक 06—01—2025 से दिनांक 11—01—2025 तक** निर्धारित की जाती है।

सम्बन्धित **महाविद्यालय के कालेज लॉगिन आई0डी0 पर दिये गये External Practical Examiner details for ODD Semester Examination-2024-25** लिंक पर **स्नातक/परास्नातक स्तर विषम सेमेस्टर की प्रायोगिक/मौखिकी परीक्षा—2024—25 हेतु वाह्य परीक्षकों की विषयवार सूची दिनांक 6—01—2025 से दिनांक 11—01—2025 के मध्य अवश्य उपलब्ध कराने का कष्ट करें, जिससे नामित परीक्षक का नाम अनुमोदित किया जा सके।**

अतः आप से अनुरोध है कि **वाह्य परीक्षकों की विषयवार सूची दिनांक 11—01—2025 तक दिये गये लिंक पर उपलब्ध कराते हुए** विश्वविद्यालय के पत्र सं0 4086/प.सा./सि0वि0वि0/2023 दिनांक 15—05—2023 द्वारा निर्गत निर्देश का पालन करते हुए **स्नातक/परास्नातक स्तर विषम सेमेस्टर परीक्षा 2024—25 (बी0ए0एल0एल0बी0/एल0एल0बी0 को छोड़कर) की प्रायोगिक/मौखिकी परीक्षाएं दिनांक 16—01—2025 से दिनांक 31—01—2025 के मध्य सम्पन्न कर** विश्वविद्यालय के वेबसाइट www.suksn.edu.in पर अपने कालेज लॉगिन आई0डी0 से अंक फीड कराते हुए उसकी हार्डकापी तीन कार्यदिवस के अन्दर विश्वविद्यालय के परीक्षा (गोपनीय) अनुभाग में जमा कराना सुनिश्चित करें।

नोट—1—प्रत्येक दशा में न्यूनतम 60 प्रतिशत वाह्य परीक्षक विश्वविद्यालय परिसर/अनुदानित महाविद्यालय/राजकीय महाविद्यालय या समीप के विश्वविद्यालय के शिक्षक होंगें। नामित परीक्षक/शिक्षकों के यथासम्भव आधार लिंक मोबाइल नम्बर ही अंकित करें, जिससे अंको को फीड करने से पूर्व,सम्बन्धित परीक्षक को ओ0टी0पी0 भेजने में कोई कठिनाई न हो।

2—एक शिक्षक एक शैक्षणिक सत्र में वाह्य परीक्षक के रुप मे अधिकतम 15 बार परीक्षा करा सकता है।

भवदीय
02/01/25

परीक्षा नियंत्रक

पत्रांक— /तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. समस्त सम्बन्धित।
2. समस्त प्रभारी/विभागाध्यक्ष, सिद्धार्थ वि0वि0 कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
3. डॉ0 अविनाश प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी/जनसम्पर्क अधिकारी, सि0वि0वि0क0,सि0
4. कुलसचिव/वित्त अधिकारी, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
5. निजी सचिव, कुलपति, माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
6. प्रभारी परीक्षा/कम्प्यूटर सेल को इस आशय से प्रेषित कि कृपया अनुदानित, राजकीय एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के लॉगिन आई0डी0 पर प्रदर्शित कराते हुए अंकों के आनलाइन फीडिंग की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।
7. सम्बन्धित पत्रावली में संरक्षित हेतु।

उपकुलसचिव